**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2695**

**(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर के लिए)**

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण

**2695. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डीः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार यूपीएससी सिविल सेवाओं में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा 2019 से इस श्रेणी के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या ईडब्ल्यूएस श्रेणी को अन्य आरक्षित श्रेणियों की तरह आयु में छूट तथा प्रयासों की अतिरिक्त संख्या का लाभ दिया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) और (ख) :** सीएसई-2019 से सीएसई-2023 तक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा 477 अभ्यर्थी अनुशंसित किए गए हैं।

**(ग) और (घ) :** ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आयु में शिथिलता तथा अतिरिक्त प्रयासों की संख्या प्रदान करने हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

*****